रेलवे भर्ती सेल
पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
भूतपूर्व सैनिकों की संविदा के आधार पर समपार फाटकों पर गेटमैन के पद पर भर्ती

रोजगार सूचना सं0–एनईआर / आरआरसी / ईएसएम / संविदा / 2022 दिनांक–11.01.2022

1. **ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि:20.01.2022 सायं 05:00 बजे तक।**
2. **रिक्तियों का विवरण:** लखनऊ मंडल–188 पद तथा इज्जतनगर मण्डल–135 पद (कुल 323 पद)
3. **आवेदन किस प्रकार करें:**–अभ्यर्थी लखनऊ अथवा इज्जतनगर मण्डल के लिए ही आवेदन करें। लखनऊ मण्डल अथवा इज्जतनगर मण्डल में तैनाती हेतु आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर इसे इंगित करें। अभ्यर्थी केवल एक बार ही आवेदन करें। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में सभी आवेदन निरस्त किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध लिंक को क्लिक करें। ऑनलाइन आवेदन के लिए नेवीगेशन लिंक www.ner.indianrailways.gov.in>>Contact Us>>Recruitment>>RRC है। किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी ई–मेल पते chairmanrrcner@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं। नोट:–केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थी कृपया आवेदन पत्र की एक प्रिन्टआउट निकाल लें जिसे प्रलेख सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना होगा।
4. **आवेदन शुल्क:** शून्य
5. **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता:** मैट्रिकुलेशन(दसवीं) अथवा समकक्ष।
6. **मानदेय:** संविदा के आधार पर गेटमैन के पदों पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को ग्रेड पे 1800 (लेवल–1) वेतनमान के समतुल्य मानदेय देय होगा। वर्तमान दर पर यह मानदेय लगभग ₹ 25000 होगा।
7. **संविदा की अवधि:** संविदा की अवधि 31.05.2022 तक होगी जिसकी भविष्य में बढ़ते रहने की सम्भावना है। तथापि रेलवे की आवश्यकता समाप्त हो जाने की दशा में अथवा कार्य संतोषजनक न पाये जाने की दशा में संविदा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।
8. **अधिकतम आयु सीमा:** 01.07.2022 की तिथि पर 65 वर्ष।
9. **चिकित्सकीय परीक्षा:** चयनित अभ्यर्थियों का रेलवे चिकित्सालय में चिकित्सकीय परीक्षण किया जायेगा तथा ए–3 चिकित्सा श्रेणी में उपयुक्त पाये जाने पर उन्हें नियुक्ति दी जायेगी।
10. **चयन का आधार:** अभ्यर्थियों का चयन उनकी सैन्य सेवा की अवधि के आधार पर किया जायेगा

11. **कार्य के घण्टे, विश्राम एवं छुट्टियाँः–** "सी" श्रेणी के समपार फाटक पर प्रतिदिन 12 घण्टे की शिफ्ट तथा अन्य समपार फाटकों पर प्रतिदिन 8 घण्टे की शिफ्ट में कार्य किये जाने का प्रावधान है। प्रति सप्ताह एक दिन का विश्राम देय होगा जो प्रतिमाह के अनुसार आनुपातिक रूप से देय होगा। संविदा पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों को प्रति वर्ष 10 दिन का आकस्मिक अवकाश देय होगा। इसके अतिरिक्त अवकाश लेने पर मानदेय में आनुपातिक कटौती की जाएगी।

12. अभ्यर्थियों को प्रलेख सत्यापन हेतु अत्यन्त अल्प समय की सूचना पर आवेदन की अन्तिम तिथि के उपरान्त कभी भी बुलाया जा सकता है। प्रलेख सत्यापन हेतु रिपोर्ट करने की तिथि, समय एवं स्थान पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट/संबंधित मण्डल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। अभ्यर्थी कृपया निम्नलिखित प्रलेखों की मूल प्रति एवं उनकी एक छायाप्रति के साथ प्रलेख सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर रिपोर्ट करें:

    I. ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट
    II. एक वैध फोटो पहचान पत्र
    III. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र
    IV. सेवामुक्ति–पुस्तिका(डिस्चार्ज–बुक)
    V. पासपोर्ट आकार के दो अदद नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ

टिप्पणीः–1. ऑनलाइन आवेदन की निर्धारित अन्तिम तिथि के पूर्व प्रर्याप्त संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हो जाने की स्थिति में आगे ऑनलाइन आवेदन को बन्द किया जा सकता है।

2. ऑनलाइन आवेदन करने तथा संविदा पर भर्ती हेतु उपयुक्त पाये जाने मात्र से किसी अभ्यर्थी को रेलवे में संविदा पर भर्ती का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है।

3. इस संबंध में अद्यतन जानकारी हेतु अभ्यर्थी कृपया पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

11.01.2022

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल